हिन्दुस्तान मोटर्स का रोड शो

कोलकाता. नए वाहन को जारी करने के पहले हिन्दुस्तान मोटर्स ने रोड शो पेश किया। यह रोड शो पश्चिम बंगाल, असम, उड़ीसा व बिहार में किया गया। जल्द ही तमिलनाडू, गुजरात, महाराष्ट्र, सेंट्रल व उत्तर भारत में भी रोड शो शुरू किया जाएगा। शुक्रवार को रोड शो हुगली के उत्तरपाड़ा स्थित कम्पनी के सबसे पुराने प्लांट से शुरू किया गया।

कम्पनी के प्रबंध निदेशक मनोज झा ने बताया कि पूर्व व उत्तर पूर्व में दुर्गापुर, आसनसोल, सिलिगुड़ी, गुवाहटी, भुवनेश्वर, पुरी, संबलपुर व बारगढ़ में रोड शो होगा। पटना व हाजीपुर में भी शो किया जाएगा।